**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 01.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **बांदा पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान माह नवम्बर का किया गया शुभारम्भ। पूरे नवम्बर माह तक चलेगा जागरुकता अभियान।**
- **श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा खूंटी तिराहा रामलीला मैदान बांदा से अभियान का किया गया शुभारम्भ साथ ही फीता काटकर हरी झण्डी दिखाते हुए यातायात सुरक्षा जागरुकता रैली को किया गया रवाना।**
- **सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु लोगों को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों तथा जागरुकता रैली आदि के माध्यम से यातायात नियमों के पालन करने हेतु किया जायेगा जागरुक।**

**विवरण-** शासन के मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 01.11.2025 को जनपद बांदा में **"यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर-2025"** को शुभारम्भ किया गया। इस दौरान खूंटी तिराहा रामलीला मैदान बांदा से श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री अजीत कुमार व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया। यातायात जागरुकता माह के दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा। कार्यक्रम में बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरुकता रैली निकाली गई। श्रीमान् मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना केवल पुलिस एवं प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें नागरिकों का भी कर्त्तव्य है कि वे नियमों का पालन कर एक सभ्य एवं शिक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट के खिलाड़ी बिना जोखिम लिए खेलते समय हेलमेट का प्रयोग कर दुर्घटना को रोकता है उसी प्रकार वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग दुर्घटना के समय हमारे शरीर के मुख्य अंग सिर को आघात से सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधन में कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष तकरीबन दो लाख से अधिक लोगों की दुःखद मृत्यु हो जाती है, जो किसी भी अन्य आपदा से होने वाली कैजुअल्टी से कई गुना अधिक है। ऐसे में हम सबको साथ मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना होगा। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जायेगा यदि फिर भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय, पीटीओ श्री रामसुमेर यादव, एआरएम श्री मुकेश बाबू, यातायात प्रभारी श्री संजय कुमार मिश्रा, यातायात जागरुकता मास्टर ट्रेनर श्री पीयूष मिश्रा तथा यातायात जागरुकता समिति के सदस्य श्री सुनील सक्सेना आदि उपस्थित रहे।